




# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**अप्रैल–2018**

*अन्दर के पृष्ठों पर........*


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण


तकनीकी स्तम्भ

विविध






उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के लॉन को "प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रतियोगिता–2018" में 1000 वर्गमीटर से 2000 वर्गमीटर वर्ग में मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 से प्रथम पुरस्कार के रूप में प्राप्त शील्ड एवं लॉन के पुष्प .



## "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस" पर महिला कर्मियों का सम्मान

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा दिनांक 08.03.2018 को "अतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" के अवसर पर उ0प्र0 पुलिस रेडियो में तैनात उत्कृष्ट कार्य करने, कम्प्यूटर कार्यों में अभिरूचि का प्रदर्शन करने तथा प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली निम्न 16 महिलाओं के सतत उत्साहवर्द्धन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है–

1. सहा0परि0/5667 गरिमा अग्निहोत्री, एम0सी0आर0 कानपुर
2. सहा0परि0/5156 प्रियंका श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय
3. सहा0परि0/5128 निधि शुक्ला, रेडियो मुख्यालय
4. सहा0परि0/5112 अर्चना चौहान, रेडियो मुख्यालय
5. सहा0परि0/6061 डेजी भास्कर, हापुड़
6. सहा0परि0/5160 रंजना भारती, इलाहाबाद
7. सहा0परि0/4752 सुनीति सिंह, एम0सी0आर0, लखनऊ
8. सहा0परि0/4737 रंजना वैश्य, लखनऊ
9. सहा0परि0/5162 वंदना पाण्डेय, संकेत कक्ष, रेडियो मुख्यालय
10. सहा0परि0/5199 विनीता मिश्रा, संकेत कक्ष, रेडियो मुख्यालय
11. सहा0परि0/5133 राखी सिंह यादव, संकेत कक्ष
12. सहा0परि0/5120 ज्योत्सना तिवारी, संकेत कक्ष रेडियो मुख्यालय
13. सहा0परि0/5183 श्वेता लोहानी, संकेत कक्ष, रेडियो मुख्यालय
14. सहा0परि0/5109 अनुपमा यादव, नियोजन शाखा रेडियो मुख्यालय
15. प्र0परि0/4511 नीरज वर्मा, कार्यालय सहायक रेडियो अधिकारी (प्राविधिक)
16. संदेशवाहक मंजू शुक्ला, कार्यालय सहायक रेडियो अधिकारी(प्रशिक्षण)

## उपलब्धियाँ

1. दिनांक 01.03.2018, 05.03.2018, 8/9.03.2018 दिनांक 10/11.03.2018 को मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के गोरखपुर भ्रमण कार्यक्रम हेतु निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

2. दिनांक 07.03.2018 को मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के जनपद अलीगढ़ भ्रमण के अवसर पर मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 तथा मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 का भी आगमन हुआ। भ्रमण के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

3. जनपद मिर्जापुर एवं वाराणसी में दिनांक 12/13.03.2018 को मा0 राष्ट्रपति, फ्राँस, मा0 प्रधानमंत्री, भारत, मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 व मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के जनपदीय भ्रमण के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## सराहनीय कार्य

1. दिनांक 05.03.2018 को जनपद बुलन्दशहर में जनपद नियंत्रण कक्ष पर ड्यूटीरत सहायक परिचालक/5461 कुलदीप कुमार को 0045 बजे थाना सिकन्दराबाद से सूचना प्राप्त हुई कि दादरी बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान स्विट कार में सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया गया परन्तु वे नहीं रुके और बैरियर में टक्कर मारकर बुलन्दशहर की तरफ भागे हैं। इस सूचना पर ऑपरेटर द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सर्व सम्बन्धित को सूचित किया गया। समय 0055 एसएचओ, सिकन्दराबाद द्वारा जनपद नियंत्रण कक्ष को सूचित किया गया कि बदमाश सुखलालपुर के पास कार छोड़कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागे हैं। हमारे व बदमाशों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस कार्यवाही के परिणामस्वरुप 0058 बजे एक बदमाश को घायल अवस्था में पकड़ा गया।

2. जनपद सन्तकबीर नगर में दिनांक 08.03.2018 को समय 1541 बजे यूपी 100 से जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना दी गयी कि गणेश कुमार मोबाइल नम्बर 8114149348 द्वारा सूचित किया गया है कि तिघरा ब्लॉक में इण्डिका कार नम्बर यूपी 51 आर 2300 में सवार लोगों ने मेरे दो लाख रुपये छीन लिये हैं। इस सूचना पर जिला नियंत्रण कक्ष में ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/917 कुँवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह व प्रधान परिचालक/5979 दिनेश यादव द्वारा जनपद के समस्त थानों को सूचित करते हुए चेकिंग प्रारम्भ करा दी गयी। सूचना पर त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरुप उक्त गाड़ी को पकड़ लिया गया और लूट की धनराशि बरामद करके थाना मेंहदावल को सुपुर्द की गयी।

3. दिनांक 11.03.2018 जनपद गोरखपुर में लोकसभा उपचुनाव एवं दिनांक 14.03.2018 को उक्त की मतगणना हेतु निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

4. दिनांक 18.03.2018 को रात्रि 0202 बजे जनपद बुलन्दशहर में जनपद नियंत्रण कक्ष पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/504 मुनेश कुमार को थाना खानपुर से सूचना प्राप्त हुई कि रात्रि चेकिंग के दौरान दो बदमाश पुलिस पार्टी पर फायरिंग करके भागे हैं। इस सूचना पर ऑपरेटर द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सर्व सम्बन्धित को सूचित किया गया एवं घेराबन्दी करायी गयी। इस कार्यवाही के परिणामस्वरुप एक बदमाश को घायल अवस्था में पकड़ा गया।

5. दिनांक 21.03..2018 को जनपद मुरादाबाद में सहायक रेडियो अधिकारी, मुरादाबाद, श्री रमेश चन्द्र को प्रातः लगभग 1005 बजे कार्यालय जाते समय नगर नियंत्रण कक्ष, मुरादाबाद के सामने एक पुरुष व दो महिलायें घायल अवस्था में सड़क पर पड़े मिले। पूछने पर ज्ञात हुआ कि किसी अज्ञात वाहन द्वारा इनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी गयी है। सहायक रेडियो अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने राजकीय वाहन से तीनों घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

6. दिनांक 22/23.03.2018 की रात्रि में जनपद नियंत्रण कक्ष, अमरोहा में ड्यूटीरत प्र0परि0/5274, रामकेश सिंह को रात्रि लगभग 0204 बजे नगर नियंत्रण कक्ष, मुरादाबाद द्वारा सूचित किया गया कि रोडवेज़ बस नम्बर यू0के0 07 1241 में एक यात्री का बैग छूट गया है। बस गजरौला पहुँचने वाली है। यात्री का मोबाइल नम्बर 8171581975 है। इस सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0 द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सूचना थाना डिडौली, रजबपुर व गजरौला तथा जनपद नियंत्रण कक्ष, हापुड़ को दी गयी। परिणामस्वरूप समय लगभग 0250 बजे थाना गजरौला द्वारा अवगत कराया गया कि रात्रि गश्त में तैनात हाईवे मोबाइल ने रोडवेज़ बस को रुकवाकर बैग उतार लिया है तथा सम्बन्धित व्यक्ति को बैग ले जाने हेतु उसके मोबाइल पर सूचित कर दिया गया है।

7. दिनांक 23.03.2018 को बरेली में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के भ्रमण पर निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

8. दिनांक 27/28.03.2018 की रात्रि में जनपद नियंत्रण कक्ष, अमरोहा में ड्यूटीरत प्र0परि0/4456, प्रमोद कुमार को रात्रि लगभग 2230 बजे नगर नियंत्रण कक्ष, मुरादाबाद द्वारा सूचित किया गया कि रोडवेज़ बस नम्बर यू0पी0 14 ईटी 3416 में एक यात्री, कुलदीप शर्मा मोबाइल नम्बर 9999266229, का बैग छूट गया है। इस सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0 द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सूचना हाईवे तृतीय मोबाइल को दी गयी परिणामस्वरुप टोल प्लाज़ा जोया पर बस को रुकवाकर बैग प्राप्त कर कुलदीप शर्मा के सुपुर्द कराया गया।

9. नगर नियन्त्रण कक्ष, मेरठ में नियुक्त प्र0परि0/3958 संजीव कुमार को उनके सराहनीय कार्यो के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ द्वारा माह फरवरी–2018 के लिए Cop of the Month चुना गया है। इस हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ द्वारा दिनांक 17.03.2018 को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया है।




10.. पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्र देव दीक्षित को मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 11.03.2018 को "साहित्य गौरव सम्मान" से विभूषित किया गया।





## अप्रैल/2018 की मुख्य गतिविधियाँ

1. दिनांक 03.04.2018 से 07.04.2018 तक उ0प्र0 पुलिस सप्ताह 2018 का आयोजन प्रस्तावित है।

## कार्मिकों के मनोबल हेतु प्रयास

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा प्रदेश में उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य करने वाले रेडियो कार्मिकों को चिन्हित कर रु0 1,60,000.00 के पारितोषिक स्वीकृत करने के निर्देश सभी राजपत्रित अधिकारियों को दिये गये।

## कल्याणकारी कार्य

1. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में 635 कार्मिकों का उपचार मार्च–2018 में किया गया।

## शासनादेश, आदेश

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याःडीजी–एक–1(अनुमति मुख्यालय)/2018 दिनांक 27.01.2018 द्वारा, समस्त अधिकारियों को अपने सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर ही मुख्यालय छोड़ने के आदेश देते हुए कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश पारित किये गये हैं।

2. अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध के परिपत्र संख्या:01/2018 दिनांक 03.02.2018 द्वारा अवगत कराया गया है कि मोटर वाहन अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, फैक्ट्ररी अधिनियम, पुलिस अधिनियम, सार्वजनिक जुआ अधिनियम, उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम एवं उ0प्र0दुकान एवं बनिया अधिष्ठान अधिनियम के अपराधों के शमन सम्बन्धी संगत प्राविधानों में संशोधन करते हुए उ0प्र0 दण्डविधि (अपराधों का शमन एवं विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अधिनियम 1979 अधिनियमित किया गया है, जिसमें उपर्युक्त के अतिरिक्त धारा 160 भा0द0वि0 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध एवं केवल जुर्माने से दण्डनीय अपराधों को सम्मिलित किया गया है। साथ ही द0प्र0सं0 की धारा 107 या 109 के अन्तर्गत ऐसे मामले जो 01 जनवरी 1977 को विचाराधीन थे, को उपशमित करने का प्राविधान किया गया है। उ0प्र0 दण्डविधि (अपराधों का शमन एवं विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अधिनियम 2016 द्वारा उक्त अधिनियम की धारा–9 की उपधारा(2) में 01 जनवरी 1977 के स्थान पर 01 जनवरी 2013 तक के अपराध उपशमित किये जाने का प्राविधान किया गया था। उक्त के क्रम में विधायी अनुभाग उ0प्र0 शासन की अधिसूचना सं0: 2729/79/वि–1–17–1 (क)31–17 दिनांकित 06.01.2018 द्वारा उ0प्र0 दण्डविधि (अपराधों का शमन एवं विचारणों का उपशमन) (संशोधन) अधिनियम 2017 प्राख्यापित किया गया है, जिसमें 01 जनवरी 2013 के स्थान पर 31 दिसम्बर 2015 रखे जाने का प्राविधान किया गया है। उपर्युक्त अधिनियम के प्राख्यापित होने के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित अपराधों का शमन एवं विचारणों का उपशमन दिनांक 31.12.2015 के पूर्व के विचाराधीन मामलों में किया जाय।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याःडीजी–1–146–80/2018 दिनांक 12.03.2018 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक्स को उनके कार्यों के अतिरिक्त मोटर ट्रान्सपोर्ट, आर्म्स/एम्युनिशन, घुड़सवार पुलिस एवं डॉग स्क्वॉड के कतिपय कार्य भी सौंपे गये हैं।

4. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याःडीजी–12(1)2018 दिनांक 07.03.2018 द्वारा, समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0 एवं समस्त सेनानायक, पीएसी वाहिनी, उ0प्र0 को सम्बोधित करते हुए, एच0आई0वी0/एड्स की जानकारी हेतु व्याख्यान/गोष्ठी आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में जागृति पैदा करने वाले कार्यक्रमों के आयोजन में एड्स कन्ट्रोल फाउण्डेशन, दिल्ली को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गयी है।

5. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याःडीजी–आठ–94 (निर्देश–7)2018 दिनांक 26.03.2018, जो समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0 को सम्बोधित है, द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव हेतु उ0प्र0 शासन की अपेक्षानुसार महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 के पत्र में अंकित सुझावों के अनुसार कार्यवाही कराने की अपेक्षा की गयी है।

## आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

### पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की गोष्ठियाँ

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा, रेडियो मुख्यालय पर, पुलिस सप्ताह के आयोजन हेतु समीक्षा बैठकें दिनांक 09.03.2018 एवं 16.03.2018 को सम्पन्न की गयीं तथा सर्वसम्बन्धित का मार्गदर्शन किया गया।

## नीलामी एवं क्रय कार्यवाही

1. 06 जनवरी 2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय पर निष्प्रयोज्य संचार उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकार की गयी।

2. ''जेम पोर्टल'' के माध्यम से वर्ष 2017–18 में 148 सम्पूर्ति आदेश निर्गत किये गये।

3. 04 ई–टेण्डर द्वारा उपकरणों के क्रय की कार्यवाहियाँ भी वित्तीय वर्ष 2017–18 में पूर्ण की गयीं।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्याःओ–353/2007 दिनांक 19.03.2018 द्वारा उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पर्यवेक्षणाधीन ज़ोन में परिवर्तन किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

2. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्याःओ–353/2007 दिनांक 19.03.2018 द्वारा रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर तैनात 02 राज्य रेडियो अधिकारियों के पर्यवेक्षणाधीन ज़ोन में परिवर्तन किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## प्रशिक्षण गतिविधियाँ


1. पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में 50 प्रशिक्षणर्थियों हेतु चार माह का विभागीय ग्रेड–द्वितीय 90वें बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 05.03.2018 से प्रारम्भ हुआ।

2. प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 02.01.2018 से प्रचलित चार माह के ग्रेड–द्वितीय 89वें विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की मध्य सत्र परीक्षाएँ सम्पन्न करायी गयीं।


## तकनीकी स्तम्भ

IONOSPHERIC LAYERS and WAVE PROPAGATION

The ionosphere is defined as the layer of the Earth's atmosphere that is ionized by solar and cosmic radiation. It lies 75-1000 km (46-621 miles) above the Earth. (The Earth's radius is 6370 km, so the thickness of the ionosphere is quite tiny compared with the size of Earth.)




Wave Propagation




## विविध

### कविता

### आ गया वो वक्त

आ गया वो वक्त मन कर दो विदा
उस भावना को जो ढ़केले फिर हमें
बीते समय की राह पर ।
फिर करे साहस को जागृत आज
आत्मा में और फिर, मन प्राण वायु,
ठहर जाए उर निलय में ।
हो इजाफा जिन्दगी के दायरे का
जिन्दगी के दायरे में हो प्रवाहित धार
बस आनन्द की उस धाम में ।
है जहाँ आनन्द का वह धाम राह खुलती है
वहीं सुख शान्ति की शांति की ही राह पर
विकसित बुद्धि मन प्राण कर लो ।
प्राण को फिर कर परिष्कृत उस
परम का ध्यान कर लो
ध्यान हो बस आत्मा का
अंश जो परमात्मा का
और फिर जीवन सहज हो ।

कवियित्री–अलका त्रिपाठी 'विजय'
प्रधान परिचालक

## सेवानिवृत्ति

निम्न 17 कार्मिक मार्च 2018 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री खलीक अहमद, चित्रकूट 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार शर्मा, एटा 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम औतार, महोबा 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विपुल कुमार गेरा, गौतमबुद्धनगर 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजवीर सिंह यादव, आगरा 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम तवक्कल यादव, रेडियो मुख्यालय 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रमोद कुमार शर्मा, मेरठ 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम पति राम, गोरखपुर 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बनवारी लाल, गाजियाबाद 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री इकराम अली, आगरा 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हंसराम, फतेहगढ़ 12. प्र0परि0/468, श्री मंगला प्रसाद मिश्रा, चित्रकूट 13. प्र0परि0/47 श्री शीतला प्रसाद सिंह 14. प्र0परि0/4522 श्री राम औतार गोस्वामी, आगरा 15. कर्मशाला कर्मचारी/1454 श्री श्याम लाल जयसवाल, मिर्जापुर 16. संदेशवाहक, श्री नैथेनियल पीटर्स, इलाहाबाद 17. संदेशवाहक, श्री दफेदार सिंह, इटावा

## खेल–कूद

1. उ0प्र0 पुलिस की 67वीं वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता दिनांक 09.04.2018 से 13.04.2018 जनपद लखनऊ में प्रस्तावित है।
2. उ0प्र0 पुलिस की 67वीं वार्षिक वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैण्डबॉल एवं योग प्रतियोगिताएँ दिनांक 20.04.2018 से 24.04.2018 जनपद आगरा में प्रस्तावित हैं।

## असामयिक निधन

संदेशवाहक श्री माता प्रसाद, नियुक्ति जनपद इटावा का दिनांक 28.03.2018 को असामयिक निधन हो गया। वह दिनांक 01.01.2017 से सिर की चोट के कारण कोमा में थे तथा चिकित्सारत थे।

## विशिष्ट महानुभावों द्वारा रेडियो मुख्यालय का भ्रमण

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ का, वर्ष 1957 से 1979 के मध्य, निम्न विशिष्ट महानुभावों द्वारा भ्रमण किया गया–

| | |
|---|---|
| 31.01.57 | Brig. N. Chakraverti, Director, DCPW, M.H.A. |
| 07.08.59 | Sri K.F. Rustamji, Inspector Genl. of Police MP |
| 04.03.60 | Brig. N. Chakraverti, Director, DCPW, M.H.A. |
| 29.11.61 | Sri Ganesh Singh, DIG Udaipur, Rajasthan |
| 10.12.61 | Sri B.N. Lahiri, Retd. I.G.P. U.P. |
| 15.12.61 | Sri G. Waddell, Retd. D.I.G. U.P. |
| 23.04.62 | Sri S.N. Ghosh, A.I.G. Police, Patna |
| 25.04.62 | Sri G.M. Phalakshiah, Spl. Superintendent of Police, Mysore State Police Wireless |
| 28.11.62 | Sri N.S. Saxena, DIG Trg & PTC, U.P. |
| 21.01.63 | Sri B.N. Mullik, Director, I.B., Govt. of India |
| 23.03.63 | Brig. Apar Singh, Director, DCPW, M.H.A. |
| 27.07.63 | Sri N.C. Ray, Sr. Supdt. of Police (Radio), MP |
| 14.08.63 | Maj. Gen. B.D. Kapur, Chief Controller R & D, Ministry of Defence |
| 05.09.63 | Sri A.P. Mohanty, SP Signal, Cuttaok, Orrisa |
| 16.05.64 | Sri P.S. Rana, I.G.P., Nepal |
| 30.06.65 | Sri Qamarul Hasan, DIG, HQ, UP |
| 06.07.65 | Sri B.N. Rao, Jt. Director, I.B., Govt. of India |
| 23.12.65 | Sri K.F. Rustamji, Director Genl. B.S.F. |
| 19.12.65 | Sri S.P. Verma, Director, I.B., Govt. of India |
| 13.05.66 | Maj. Gen. K.N.Batra, S.O. In C, Army HQ. |
| 25.10.66 | Sri D.P. Kohli, Director, C.B.I. Govt. of India |
| 01.02.67 | Sri V.G. Kanetkar, I.G.P., C.R.P., New Dehli |
| 03.06.67 | Sri V. Mehta, Director, DCPW, M.H.A. |
| 16.12.69 | Sri T.P. Balla, Retd. I.G.P., UP |
| 24.02.72 | Mr. E.W. Hunt, Sr. S.P. W/T UP |
| 28.03.72 | Sri A.G. Rajadhyaksha, I.G.P., Maharashtra |
| 28.03.72 | Sri P.J. Lewis, I.G.P., Mysore |
| 05.08.72 | Sri S.D. Rizvi, Comdt. Genl., Home Guard, Bihar |
| 10.08.72 | Sri A. Singh, Director, Central Monitoring Org. |
| 18.08.72 | Sri Ram Sahay, Member, Board of Revenue, UP |
| 27.10.72 | Sri Perpurmanand Verma, President, All India Crime Prevention |
| 25.05.73 | Sri A. Kumar, Jt. DG, BSF |
| 14.07.73 | Sri J.C. Vachher, IGP, Haryana |
| 22.09.73 | Sri M.M. Wagle, Elecronics Advisor, Maharashtra |
| 27.10.73 | Sri S. Chandra, Prof. Institute of Social Science, Agra University |
| 12.11.73 | Sri T. Nath, IG, OSD, Cum-Chairman, Bihar |
| 01.06.74 | Sri S. Tandon, IGP, UP PAC |
| 28.04.75 | Sri I.N. Thakur, Relief Commissioner Bihar |
| 28.04.75 | Sri S.S. Sahai, DIG, CID, Bihar |
| 24.11.75 | Sri S.M. Diaz, Director, National Police Academy, Hyderabad |
| 16.12.75 | Sri B.K. Palikar, SP, Police Radio Officer, J&K |
| 21.08.78 | Sri R.S. Rana, SP, Nepal |
| 06.04.79 | Sri R.D. Kewalramanami, IG, UP |

सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण–श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, रेडियो उप निरीक्षक, प्र0परि0यॉ0/3090, राम शंकर यादव। डिज़ाइन सहयोग– श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 प्रतियाँ – 200